तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बकाया बोनस मिलने से किसानों के चेहरे खिले



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस स्थापना दिवस की तैयारी बैठक आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में 26 दिसंबर की दोपहर 2 बजे आवश्यक बैठक आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि आगामी 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 139 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। कांग्रेस के 138 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस स्थापना दिवस की तैयारी एवं जानकारियों के लिए बैठक रखी गई है। इसके अलावा बैठक में कोरबा जिले के तीन विधानसभा रामपुर, पाली-तानाखार एवं कटघोरा विधानसभा की चुनावी समीक्षा किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने कोरबा ग्रामीण के कटघोरा, रामपुर व पाली तानाखार सहित शहरी क्षेत्र के कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्यगण, प्रदेश प्रतिनिधी, निगम, आयोग के पूर्व सदस्यगण, वार्ड, जोन व बुथ कमेटी के पदाधिकारियों सहित कांग्रेस विभाग, प्रकोष्ठ आदि के पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने का आग्रह किया हैं। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम भांवर में चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबंधित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिंझरा की सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भांवर के प्राथमिक शाला भंवर प्रांगण में 15 दिसंबर से प्रारंभ होकर 21 दिसंबर तक चला। जिसमें शिविर के नियमानुसार समय सारणी के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम संपादित किए गए। भौतिक परिचर्चा में मेडिकल कैरियर गाइडेंस साइबर अवेयरनेस बालिका शिक्षा स्वच्छता एवं पोषण आहार विभिन्न विषयों पर बौद्धिक विद्वानों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए प्रयोजना कार्य में बाजार तालाब विद्यालय परिसर गांव के चौक चौराहे एवं बाउंड्रीवॉल में की सफाई एवं पुताई का काम करके दीवार लेखन का कार्य किया गया। सांस्कृतिक संध्या में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम लोकगीत लोक नृत्य जस गीत करमा पंथी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति तथा जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं। समापन दिवस पर जनपद सदस्य पौड़ी उपरोड़ा श्रीमती अनीता यादव की मुख्य आथित्य में, सरपंच राम शरण सिंह, सेजस बिंझरा प्राचार्य मनोज कुमार टंडन, विष्णु यादव, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला भांवर नरेंद्र गिरी गोस्वामी, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला भांवर अरुण लाल पैकरा सीएससी बिंझरा खैरवार, सीएससी भांवर ओढे, उप सरपंच भंवर श्रीमती राजेश्वरी कंवर पंचगण सम्मिलित रहे।

### शिक्षा रत्न नेशनल फैलोशिप अवार्ड से रमा सम्मानित

**कोरबा।** रमा साहू महिला संगठन के अध्यक्ष कटघोरा को सावित्री बा फुले शिक्षा रत्न नेशनल अवार्ड दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में साल, श्रीफल, प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि श्रीमती साहू आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओ को निशुल्क सिलाई सिखाकर आर्थिक सशक्तीकरण के लिए 15 सौ से अधिक महिलाओ को , कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण,शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे सीनेटरी पेड,ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मास्क वितरण किया था। विधिक की निशुल्क जानकारियां आदि दिया गया था तथा शिक्षा,बाल निःशक्त कल्याण,खेल स्वास्थ्य बाल वीरता, ग्रामोत्थान, दलिताउत्थान, महिला सशक्तीकरण, शिक्षणिक गुणवता, परिस्कार एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्र में रचनात्मक कार्य होंगे।

# शहर के नए पटवारी हल्कों को अब तब नहीं मिले दफ्तर के लिए भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में नई तहसीलों का गठन राजस्व सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से किया गया है, लेकिन तहसीलों के गठन के पूर्व जो पटवारी हल्के और राजस्व निरीक्षक मंडल कार्यालय बने हैं उन्हें अब तक अपना स्वयं का भवन नसीब नहीं हुआ है। अकेले कोरबा तहसील अंतर्गत 8 नए पटवारी हल्के और 2 आरआई मंडल बनाए गए हैं और सभी शहर में हुए भी शासकीय भवन में चलने के बजाए किराए के भवन में चल रहे हैं। विभाग ने वर्तमान में नए भवन बनाए जाने हेतु प्रस्ताव भेजा है।

ग्रामीण अंचलों में तहसीलों और हल्कों का निर्माण कर दूर दराज के ग्रामीणों को राजस्व कार्यों की सुविधा तो दिला दी गई है, किंतु उन सुविधाओं के लिए काम करने वाले राजस्व कर्मियों जिसमें पटवारी आरआई आते हैं। इनके लिए निवास तो दूर की बात दफ्तर के लिए भी भवन का निर्माण नहीं हो सका है, जबकि पटवारी हल्कों को बने हुए तीन वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। एक वर्ष पूर्व दर्री तहसील, अजगरबहार तहसील सहित चैतमा में उपतहसील व जिल्गा में उपतहसील तथा पसान उपतहसील को तहसील में उन्नयन किया गया है। राजस्व व्यवस्थाओं को लेकर तेजी से तो काम किए गए, किंतु अधोसंरचना के क्षेत्र में अन्य विभागों की तुलना में राजस्व विभाग पीछे रह गया है। शहरी अंचल में पटवारी हल्के शासकीय भवन के बजाए किराए के भवन में चल रहे हैं। यह एक सवालिया निशान खड़ा करता है कि आखिर अन्य विभागों को दफ्तरों के लिए जमीन चिन्हांकन से लेकर आबंटन तक का कार्य स्वयं राजस्व विभाग करता है और अपने दफ्तर के लिए जमीन नहीं तलाश सका है और न ही विभाग के अधिकारियों ने इस दिशा पर कोई सकारात्मक पहल की। जिसका परिणाम आम पक्षकारों को भुगतना पड़ता है जब वे अपने छोटे से छोटे काम के लिए पटवानी कार्यालय को ढूढ़ते फिरते रहतें है, क्योंकि शासकीय भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण पटवारी कार्यालय कॉलोनियों के भवन में किराए में चल रहे हैं। पटवारी कार्यालयों की समस्या को देखते हुए प्रशासन स्तर पर एक ऐसा प्रस्ताव तैयार हुआ है जिसमें शहरी सीमा में बने नए पटवारी हल्कों के लिए दफ्तरों का निर्माण किया जाएगा।

### राजस्व विभाग ने भवन के लिए भेजा है प्रस्ताव

**खास बातें**

- कोरबा तहसील में 8 नए हल्के व 2 आरआई हल्के बने
- पक्षकारों को ढूंढना पड़ता है पटवारी हल्का के कार्यालय




### गांवों में भी यही हाल

ग्रामीण अंचलों में भी पटवारियों के लिए पंचायत भवन ही उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि कई ऐसी बड़ी पंचायतें हैं जहां ग्राम पंचायत भवन के साथ साथ पंचायत सचिव कार्यालय के लिए भी अलग से भवन बना है, लेकिन इन पंचायतों के अंतर्गत पदस्थ पदटवारी हल्कों को न तो पंचायत भवन में जगह मिलती है और न ही पंचायत सचिव के कार्यालय में। ऐसे में वह गांव के किसी निजी मकान में अपने दफ्तरों का संचालन करते हैं।

### जर्जर हो रहे सामुदायिक भवन

शहर के अंतर्गत कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां शासकीय योजनाओं के तहत सामुदायिक भवनों का निर्माण आम जनता के लिए किया गया है, लेकिन वह भी रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। अगर ऐसे सामुदायिक भवनों में पटवारी कार्यालय का संचालन किया जाए तो उन्हें अपना स्वयं का भवन मिल जाएगा और आम पक्षकारों को भी पटवारी कार्यालयों को खोजना नहीं पड़ेगा। नगर निगम के लगभग सभी वार्डों में एक से अधिक सामुदायिक भवन बने हैं। कुछ सामुदायिक भवन ऐसे हैं जो टेंट हाउस संचालकों के कब्जे में है।

### लगभग 15 सौ साल पेड़ बोरर की जद में

# बालको केशलपुर का जंगल साल बोरर से प्रभावित ना फैले इसके लिए चल रही है पेड़ों की कटाई



केशलपुर के जंगल में इस तरह साल पेड़ों की हो रही कटाई।



यह इलाका साल बोरर से है प्रभावित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का जंगल बेहतर आबोहवा के लिए जाना जाता है। इसकी मूल वजह है कि कोरबा के जंगल में बड़े पैमाने पर साल के वृक्ष हैं। साल की वृक्ष की वजह से ही हमको बेहतर वातावरण मुहैय्या हो पाती है लेकिन पिछले कुछ समय से कोरबा के जंगल पर साल बोरर की नजर है। जिसमें सबसे ज्यादा अधिक बालको केशलपुर का जंगल प्रभावित है। जिसकी वजह से वन विभाग सकते में आ गया है। वरिष्ठ अफसर को इसके लिए रिपोर्ट सौंप गई थी और अब साल बोरर जंगल में और ना फैले इसके लिए विभाग द्वारा जंगल में साल बोरर से प्रभावित साल पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्र में साल पेड़ों की बहुतायत है। यही वजह है कि कोरबा एक औद्योगिक नगरी है। इसके बाद भी इस शहर से कुछ किलोमीटर दूर जाते ही शहर की आबोहवा बेहतर हो जाती है। इसकी मूल वजह है कि कोरबा के जंगल में बड़े पैमाने पर साल वृक्षों की बहुतायत है और यही साल वृक्ष की वजह से हमें बेहतर वातावरण मुनासिब हो पता है और हमें बेहतर ऑक्सीजन भी मिल पाता है लेकिन कोरबा के जंगल में लगातार साल बोरर का हमला बढ़ते ही जा रहा है। बताया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले बालको वन परिक्षेत्र में इन दिनों सबसे अधिक केशलपुर के ⏭ शेष पेज 3 पर

### दीमक की वजह से भी बहुत सारे पेड़ हो रहे हैं प्रभावित

जहां बालको रेंज में बड़े पैमाने पर साल के पेड़ साल बोरर की वजह से बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं तो दूसरी ओर इस जंगल में बड़े पैमाने पर दीमक का भी प्रकोप देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि कोरबा का जंगल दीमक प्रभावित क्षेत्र है जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर दीमक पेड़ों को चट कर रहे हैं और पेड़ बुरी तरह से प्रभावित भी हो रहे हैं। बालको वन परिक्षेत्र के केशलपुर सहित आसपास का इलाका बड़े पैमाने पर पेड़ों पर दीमक प्रभावित है।



### क्या है बोरर कीट

साल बोरर गुबरैले कीट की प्रजाति का है। बारिश की शुरुआत होते ही बाहर आते हैं और समागम करते हैं। एक सप्ताह के अंदर ही मादा जीवित या मृत साल की शाखों और तनों पर बनी दरारों के अंदर गहराई में जाकर अंडे देती है। कुछ दिन में लार्वा जन्म लेते हैं और पेड़ के तने के छिलके में छेद करके लकड़ी खुरदते हुए तने के केंद्र तक लकड़ी को खाते हैं। गर्मी आने तक यह लार्वा लकड़ी खाते हैं और पेड़ तने में छिद्र बनाकर वहीं प्यूपा में रूपांतरित होते हैं। इस घटना के एक महीने बाद गुबरैले अस्तित्व में आते हैं। पेड़ के तने के अंदर ही वे परिपक्व होने तक रहते हैं और बारिश के मौसम में बाहर आते हैं। मादा कीट थोड़े और सप्ताह तक अंडे देने के लिए जिंदा रहती हैं। इस प्रक्रिया से संक्रमित साल पेड़ की छाल के कारण मृत्यु हो जाती है। बड़े पैमाने पर अगर यह महामारी पेड़ों को लगे तो उससे जंगल को भारी हानि पहुंचती है।

# तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर



चुईयाघाट में पलटा हाइवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफतार हाईवा के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना को अंजाम देकर तेज रफ्तार हाईवा घाट पर पलट गई जिससे हाईवा का चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

मामला बालको थाना क्षेत्र के चुईयाघाट में घटित हुई है। जानकारी के अनुसार एक हाईवा ईट लोड कर बालको की ओर से सतरेंगा की ओर जा रही थी कि इसी दौरान चुईयाघाट पर पहुंची थी कि विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे ग्राम औराकछार निवासी बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार हाईवा घाट पर ही पलट गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि इस दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई। पुलिस ने इस मामले में दुर्घटनाकारित हाईवा चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- तीन घायल, घाट पर पलटी हाइवा
- बालको थाना क्षेत्र के चुईयाघाट में हुई घटना

# निगम कर्मी का एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक निगम कर्मी पैसा आहरण करने के लिए एटीएम गया हुआ था जहां दो ठगराजों ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। निगम कर्मी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निगम कालोनी निवासी हरिचन्द्र जांगड़े ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 जुलाई शारदा विहार पेट्रोल पम्प के पास एसबीआई एटीएम में पैसे निकालने गया था। जब एटीएम से पैसा नहीं निकला तो वहीं एटीएम मे खड़े दो अज्ञात व्यक्ति मदद के बहाने हरिचंद्र के एटीएम कार्ड को मांगे और साफ करके फिर से लगाने को कहा उसी समय उसका एटीएम बदल कर हरिचंद्र को दूसरा एटीएम (बद्रीप्रसाद सूर्यवंशी के नाम का) हरिचंद्र को वापस पकड़ा दिया। उसके बाद हरिचंद्र को दूसरी बार एटीएम कार्ड डालने के लिए बोले पैसा नहीं निकलने पर वह अपने घर वापस आ गया। जिसके पश्चात अगले दिन हरिचंद्र के मोबाईल में 10 हजार रुपए आहरण का मैसेज आया। तब हरिचंद्र को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। हरिचंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### घर में तोड़ फोड़ मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामसागरपारा निवासी गुलेश्वरी बाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है रामासागरपारा दर्री रोड स्थित शासकीय जमीन में विगत 30-35 वर्षो से झोपड़ी बनाकर निवास करती आ रही है जिसमें नंबरी जमीन लगभग 2 डिस्मिल है जिसे पिता ईश्वर दास के द्वारा जसविंदर सिंह को बिक्री किया गया है जिसमें जसविंदर सिंह के द्वारा 24 दिसंबर को गुलेश्वरी बाई के बेजाकब्जा के बने झोपड़ी को दोपहर 3 बजे तोड़ फोड दिया है व घर के सामान को बाहर फेंक दिया है। गुलेश्वरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने जसविंदर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

# दो बाइक के बीच भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक अपने रिश्तेदार के यहां दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था जहां से वापस लौटने के दौरान दो बाइक के बीच भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले बाइक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुढाली निवासी रतिराम 22 दिसंबर को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 सीडी 7392 से दशगात्र में केराकछार गया हुआ था। 23 दिसंबर को शाम लगभग 5:30 बजे अपने मोटर सायकल में ग्राम केराकछार से अपने घर ग्राम मुढाली से आ रहा था कि ग्राम सैला मेन रोड डीएवी स्कूल से पहले जैसे ही पहुंचा था कि सामने से आ रही मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 12 बीएल 4029 का चालक अपने मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे रतिराम के सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोंट लगा है एवं मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसे ईलाज के लिए सीएचसी पाली में भर्ती किये जो ईलाज के दौरान शाम करीबन 7:30 बजे मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मोटर सायकल चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

**खास बात**

- दशगात्र से वापस लौट रहा था बाइक सवार युवक

### निवास, जाति, प्रमाण पत्र बनते हैं पोड़ी तहसील में

# तहसील व नपं के बीच जूझते हैं कसनियावासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पंचायत कटघोरा के कसनिया वार्ड के लोग पिछले लंबे समय से एक विसंगति से जूझ रहे है ,सड़क नाली वा पानी के लिए नगर पंचायत जाना पड़ता है तो जमीन जायदाद के कार्यों के लिए पोड़ी उपरोड़ा तहसील जाना पड़ता है।

सीमा क्षेत्र का सही निर्धारण नहीं होने के कारण कसनीया वार्ड के वासी अपनी इस समस्या के लिए अफसरों के दफ्तरों से लेकर नेताओ तक के चक्कर काट चुके है पर उनकी समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है कसनिया के लोगो की समस्या सीधे सीधे प्रशासन से जुड़ी हुई है। नगर पंचायत के गठन के दौरान ग्राम कसनिया को नगर पंचायत के वार्ड में शामिल कर शहरी क्षेत्र की सीमा निर्धारण कर दी लेकिन राजस्व क्षेत्र की सीमा का निर्धारण नही होने के कारण उनके सामने अपने कार्यों के लिए भटकने की स्थिति निर्मित हो जाती है ,सड़क नाली और पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए नगर पंचायत का चक्कर काटना पड़ रहा है वही जमीन सीमांकन और जाति आय निवास प्रमाण पत्र के लिए उन्हें कटघोरा से पोड़ी उपरोड़ा तहसील जाना पड़ता है जबकि पूरा नगर पंचायत कटघोरा तहसील अंतर्गत आता है और कटघोरा जिले की सबसे पुरानी तहसील है उसके बावजूद कसनिया को वार्ड पोड़ी उपरोड़ा तहसील से अलग कर कटघोरा तहसील में नही शामिल किया गया और इसके लिए पहल भी नही किया गया जबकि कटघोरा को जिला बनाने के लिए लंबे समय तक आंदोलन चला लेकिन एक वार्ड को कटघोरा तहसील में शामिल करने कोई बड़ी पहल नही हुई।





अब एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लॉस्टी की सुविधा अपने कोरबा में
27 एवं 28 दिसंबर 2023 को छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. सतीश सूर्यवंशी
DM (Cardiology)
भूतपूर्व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
फोर्टिस एस्कॉर्ट रायपुर

स्थान- एन.के.एच. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल मंगलम विहार, कोसाबाड़ी निहारिका रोड, कोरबा (छ.ग.)
दिनांक 27.12.2023, समय : दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक
दिनांक 28.12.2023, समय : दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे तक
कैथलैब सुविधा उपलब्ध
( समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध )
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लॉस्टी एवं पेसमेकर
पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्क:-
9131456112 | 6232033210
CSEB, NTPC, SECL, ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
वी.आई.पी. इस्टेट, अशोका रतन के पास, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने रायपुर छ.ग. फोन नं. 8839800123



# 150 करोड़ के पार पहुंचा 'डंकी' का कलेक्शन..

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' ने दुनियाभर में टिकट खिड़की पर तीन दिन में 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डंकी' शाहरुख खान की इस साल प्रदर्शित हुई तीसरी फिल्म है, जो बृहस्पतिवार को रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। 'डंकी' के निर्माण में शामिल कई प्रोडक्शन हाउस में से एक 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पृष्ठ पर टिकट खिड़की के आंकड़े साझा किए।

**लाइफ Style**

# तृप्ति

## रश्मिका ने कराया कंफर्टेबल फील

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म से उन्हें वो शोहरत मिली है, जिसकी उन्हें लंबे समय से दरकार थी। तृप्ति को लेकर कई मीडिया इंटरव्यू हो चुके हैं। उन्हें बड़ी-बड़ी फिल्मों के ऑफर मिलने की बात भी सामने आई है।

एनिमल से तृप्ति को लाइमलाइट तो खूब मिली है, लेकिन फिल्म में उनका रोल मात्र 15 मिनट का था। जबकि, लीड एक्ट्रेस के रोल में रश्मिका मंदाना थीं। हालांकि, रश्मिका से ज्यादा लोग तृप्ति के बारे में बात कर रहे हैं। कहा जाता है कि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकतीं। सेट पर तृप्ति के साथ रश्मिका का बर्ताव कैसा था, वह उनके साथ अच्छी थीं या नहीं, इसका खुलासा तृप्ति ने किया है। तृप्ति से पूछा गया कि सेट पर रश्मिका का उनके साथ कैसा बिहेवियर था। उन्होंने कहा कि उनके साथ किसी भी तरह का निगेटिव माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि रश्मिका उनके पास आईं और उन्हें गले लगाया। वह यह समझ पा रही थीं कि तृप्ति को ऑकवर्ड फील हो रहा है। तृप्ति ने बताया कि रश्मिका ने उन्हें कंफर्टेबल फील कराने की कोशिश की और एक नामी एक्ट्रेस के तौर पर उनकी ये क्वॉलिटी उन्हें बहुत पसंद आई। तृप्ति डिमरी ने खुद को रणबीर कपूर की फैन बताया। उन्होंने कहा कि वह रणबीर के साथ हमेशा से काम करना चाहती थीं और एनिमल वो मीडियम बना। रणबीर अपनी परफॉर्मेंस को लेकर सीरियस रहते हैं। तृप्ति ने बताया कि अपनी आर्ट और काम पर रणबीर की इतनी मजबूत पकड़ है कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है।



## हॉलीवुड मसाला



# लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**लॉस एंजेलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर विन डीजल को लेकर हाल ही में एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। लॉस एंजेलिस में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। मुकदमे के अनुसार सितंबर 2010 में देर रात के बाद जोनासन को सेंट रेगिस होटल में डीज़ल के होटल में रहने के लिए कहा गया था।



# बॉसी लुक में स्पॉट हुई बेला हदीद...

**लॉस एंजेलिस।** बेला हदीद हॉलीवुड इंडस्ट्री की मोस्ट ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इवेंट, पार्टीज में अक्सर वह अपनी बोल्डनेस का तड़का लगाती नजर आती हैं। इसी बीच बीते दिन एक बार फिर उनका हॉट अवतार देखने को मिला। एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क सिटी में एक फोटोशूट के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको इंप्रेस करती नजर आईं। लुक की बात करें तो सुपरमॉडल का ऑफ व्हाइट शर्ट के साथ ओपन लैदर जैकेट और ब्लैक पैंट बॉस लेडी लुक देखने को मिला। इस लुक को उन्होंने ट्रांसपेरेंट शेड्स, कानों में बालियां और खुले बालों से कंप्लीट किया और बगल में ब्लैक पर्स कैरी किया।



# अभिनेत्री श्रिया बनीं टॉप ऑफ द टाउन...

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी ने 'सालार' में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों को इंप्रेस कर दिया है। मूवी में उन्होंने 'राधा रामा' का रोल प्ले किया है और स्क्रीन पर एक्ट्रेस को देखकर लोग उनके दीवाने हो गए हैं। 17 साल बाद श्रिया ने 'सालार' से टॉलीवुड में वापसी की है और अपने शानदार कमबैक से मूवी लवर्स को अपना मुरीद कर दिया है। वहीं, एक्ट्रेस भी फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील की आभारी हैं कि उन्होंने 'राधा रामा' के किरदार के लिए उन्हें चुना है। सालार में 'राधा रामा' के किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी के जन्म के बाद फिल्मी पर्दे से लंबे समय से दूरी बनाकर रखी हुई थी। गौरतलब है कि श्रिया पूर्व इंडियन क्रिकेटर भरत रेड्डी की बेटी हैं।



# '12वीं फेल' अब ओटीटी पर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन शानदार रहा। दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं थिएटर्स में धमाल मचाने के बाद अब 12वीं फेल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 29 दिसंबर को स्ट्रीम होगी। विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने उम्मीद से ज्यादा कमाई कर सभी को हैरान कर दिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 62 करोड़ कमाए थे। इस फिल्म को देखने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की एक्टिंग का मुरीद हो गया था। फिल्म में उन्होंने मनोज कुमार शर्मा की भूमिका निभाई है।

# प्रियंका की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में हुई भर्ती...

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस फेस प्रियंका चैहर चौधरी के फैंस को चिंता में डालने वाली एक खबर सामने आई है। एक्ट्रेस की अचानक तबीयत खराब हो गई है और वह अस्पताल में भर्ती हैं। इस बात की जानकारी प्रियंका के दोस्त कमल दादिल्ला ने दी है



और साथ ही उनकी अस्पताल से एक तस्वीर भी शेयर की है। टीवी शो उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी के साथ काम कर चुकीं कमल दादिल्ला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की एक फोटो शेयर की, जिसमें उनके हाथ में ड्रिप्स लगीं नजर आईं। इस फोटो के साथ दोस्त ने कैप्शन में लिखा, जल्दी ठीक हो जाओ। दोबारा हमारी बबली गर्ल बन जाइए। वहीं,एक इंटरव्यू में प्रियंका चाहर चौधरी की दोस्त कमल ने उनका हेल्थ अपडेट देते हुए कहा, एक महीने से प्रियंका का ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे हो रहा था। उन्हें बहुत जल्दी थकान हो रही थी। उनके साथ चीजें ठीक नहीं हो रही थीं। उन्हें बहुत जल्दी बुखार भी चढ़ जा रहा था। इस वजह से आज वह अस्पताल में भर्ती हुईं। उनके कई टेस्ट हुए हैं और भगवान की कृपा से सबकुछ ठीक है। इस खबर के बाद प्रियंका चाहर चौधरी के फैंस काफी चिंतित हो गए हैं और एक्ट्रेस की अच्छी सेहत के लिए दुआएं कर रहे हैं।


# सात साल का सफर रहा उतार चढ़ाव से भरा : फातिमा शेख



**मुंबई।** स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख फिल्म की रिलीज के सात साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। इसमें फातिमा ने पहलवान गीता फोगाट की भूमिका निभाई थी। यह महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों गीता और बबीता पर आधारित एक बायोपिक है। यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई मनोरंजन नहीं थी, इसमें वास्तविक जीवन की कुश्ती चैंपियन की कहानी दिखाई गई थी, जिसका किरदार फातिमा ने निभाया था। फातिमा ने अपनी यात्रा पर विचार करते हुए कहा, दंगल को सात साल हो गए हैं, एक ऐसी फिल्म जिसने सिनेमा में मेरी शुरुआत की और मुझे खुशियों से भरी यादें दीं। दंगल से लेकर 'धक धक' तक मेरा फिल्मी करियर खुशी, आंसुओं और दुख के साथ भावनाओं का उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। उन्होंने आगे कहा, गीता फोगाट हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेंगी और इस किरदार को मिले सभी प्यार के लिए मैं आभारी हूं। उनका किरदार निभाने के सात साल के नाम, दंगल परिवार के नाम, जिसने इसे संभव बनाया और इस अद्भुत फिल्म के जादू के नाम।

# अरबाज करेंगे मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी

**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी करेंगे। खबरों के मुताबिक अरबाज खान की पत्नी शूरा रविना टंडन और राशा थदानी की मेकअप आर्टिस्ट हैं। खबरों के मुताबिक, अरबाज अपनी सिस्टर अर्पिता के घर पर शादी करेंगे और केवल कुछ लोग और कुछ करीबी लोग अपनी शादी में शामिल होंगे। इस बीच, अरबाज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, वीडियो में, पपराजी ने अरबाज की शादी की तारीख से पूछा कि 'शादी में कब आना है?' अरबाज ने पपराजी को चुप रहने के लिए कहा। बता दें कि शूरा



खान से पहले, अरबाज मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में थे, दोनों का हाल ही में ब्रेकअप हुआ है। जॉर्जिया ने अपने ब्रेकअप के बारे में एक साक्षात्कार में भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह अभी भी अच्छे दोस्त हैं, लेकिन रिश्ते में एक साथ नहीं रहना चाहते हैं। अरबाज और मलाइका का 2017 में तलाक हो गया था।

# ट्रोलर के निशाने पर आई कृति



**मुंबई।** एक्ट्रेस कृति सेनन का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें अदाकारा डरते-डरते गाय को छूते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो को लेकर अब कृति सेनन को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कृति सेनन के इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह अपने जिम सेशन से बाहर आईं और वहां उनकी कार के पास एक गाय और भारी लोगों की भीड़ मौजूद है। इस दौरान कृति गाय के मस्तिक पर टच कर आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। लेकिन वह गाय को छूने में काफी डरती हुईं दिखाई दे रही हैं। बस इसी मसले को लेकर अब कृति सेनन को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। लेटेस्ट वीडियो को लेकर कृति सेनन ट्रोल्र्स के निशाने पर आ गई हैं। गाय को छूने वाले कृति के लेटेस्ट वीडियो को लेकर नेटिजंस ने अपनी भड़ास वीडियो पर कमेंट कर के निकाली है। एक यूजर ने लिखा है- गाय को छूने में इतना डर लग रहा है कुत्ते को छूने में नहीं, हद है सनातन के नाम पर धब्बा।

# नए साल में इन फिल्मों की रहेगी धूम

***मुंबई।** जिस तरह साल 2023 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहतर रहा उसी तरह साल 2024 से भी यही उम्मीद की जा रही है। अब रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की 'फाइटर' जैसी फिल्मों के अलावा और भी बड़े बैनर की मूवी बनकर तैयार हैं, जो जनवरी 2024 में रिलीज होने की लिस्ट में लगी हुई हैं।*

## 12 जनवरी को रिलीज होगी 'कल्कि 2898'

इस साल की शुरूआत दीपिका पादुकोण की फिल्म 'कल्कि 2898' से हो रही है। ये मूवी 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दीपिका के अलावा प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी हैं। 2023 तो दीपिका के लिए बहुत लकी रहा लेकिन देखने वाली बात है कि 2024 की शुरूआत उनके लिए कैसी रहती है।

## 'मेरी क्रिसमस'

इस लिस्ट में अगली फिल्म है मेरी क्रिसमस जिसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति हैं। कैट की ये फिल्म दो भाषाओं में रिलीज होने को तैयार है, जो 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।




## लाल सलाम

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' भी साल 2024 में रिलीज होने को तैयार है। ये एक तमिल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म, जिसका फैंस को इंतजार है। आपको बता दें कि ये भी 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## 'गुंटूर करम'

महेश बाबू की अपकमिंग फिल्म, 'गुंटूर करम'एक एक्शन एंटरटेनर है, जो त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित है। टॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्मों में से एक मूवी 13 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों के अनुसार मूवी का ट्रेलर 1 जनवरी को आएगा, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं।

## फाइटर

नए साल के पहले महीने के अंत में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर रिलीज होने वाली है। ये मूवी 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म हवाई एक्शन ड्रामा भारत का पहला हवाई एक्शन है, जो सभी के लिए रोचक होने वाली है।

25 korba-BHOOMI-pg3_Layout 1 12/25/2023 11:57 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### भाजपा बालको मंडल ने मनाया सुशासन दिवस

**कोरबा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के अवसर पर बालकोनगर भाजपा मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय बालको में 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बालको भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर, महामंत्री लोकेश्वर चौहान, शैलेंद्र सिंह एवं पूर्व एल्डरमैन सत्येंद्र दुबे ने अटल बिहारी वाजपेई की जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके संघर्षों के दिनों के बारे में सभी को बताया। इस मौके पर पार्षद नर्मदा लहरे, आलोक तिवारी, राजीव रंजन, राजेश अनंत, सूखीलाल पटेल, राजू यादव, विक्की केंवट, आकाश अग्रवाल, डॉ कीर्तनलाल राठौर, महेंद्र चंद्रा सत्यनारायण साहू, डॉ सीएल साहू, छेदीलाल साहू, गिरधर, रमेश केवट, लखन चंद्रा, संजय सिंह, गुमान सिंह, विष्णु सिंह बैंस, धीरज झा, महेश्वरी गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हरदीबाजार में मनाया गया सुशासन दिवस



**हरदीबाजार।** पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपाई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। ग्रामपंचायत भवन हरदीबाजार में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के तैलीय चित्र पर पुष्प माला मनाकर, धूप अगरबत्ती जलाकर एवं श्रीफल तोड कर उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जनपद सदस्य अनिल टंडन ने अटल के देश पहले,भारत माता के प्रति हम सभी की सोच, विचार धारा एक हो भले ही हम में मत भेद हो लेकिन कभी न मनभेद हो जैसे विचार, उन्नत भारत की तस्वीर जो उन्होंने देखी थी आज सच हो रहा है। वहीं जगदीश अग्रवाल ने छग राज्य की स्थापना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्य किए और जो उनके विचार थे। उससे विपक्षी पार्टी सहित सभी दलों के नेता कायल थे। साथ ही अन्य लोगों ने भी उनके विचारों को साझा किया। इस दौरान सरपंच श्रीमती अनुसुइया कंवर,पूर्व सरपंच युवराज सिंह कंवर, पंच ईश्वर (बबलू) राठौर, सचिव बिसाहू राज, रामेश्वर यादव, छोटेलाल पटेल, राकेश राज, सत्यप्रकाश खांडे, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, उमेश भारद्वाज, समारु केंवट, कृष्णा राज सहित अन्य ग्रामीणों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी को याद किया उपस्थित थे।

### नगर निगम में मनाया गया सुशासन दिवस



**कोरबा।** नगर निगम के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्व.श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर नगर निगम के पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जावेगा। यह स्वच्छता सप्ताह 25 से 30 दिसंबर तक चलाया जावेगा। स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत निगम क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों पर चलाया जावेगा, जिसमें वहां की विधिवत साफ-सफाई कार्य किया जाकर उत्सर्जित अपशिष्ट का समुचित समापन किया जावेगा तथा वहां उपस्थित सभी आम नागरिकों को घर से उत्सर्जित अपशिष्ट के समुचित निपटान एवं निगम द्वारा उपलब्ध करायी गई मिशन क्लीन सिटी योजना के तहत डोर टू डोर अपशिष्ट कलेक्शन कार्य में संलग्न रिक्शों के माध्यम से कराये जाने हेतु समझाइश दी जावेगी। सुशासन दिवस के प्रथम दिवस के अवसर पर घंटाघर स्थित ओपन थियेटर पर स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया गया।

## जिला पंचायत सभागार में विकसित भारत का लिया संकल्प

# भारतरत्न अटल बिहारी की जयंती पर मनाया गया सुशासन दिवस



माल्यार्पण करते कार्यक्रम के अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभागार में श्री बाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि श्री बाजपेयी की आकांक्षा अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं।

सीईओ श्री विश्वदीप ने पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की संकल्पना के अनुसार सुशासन दिवस पर विकसित भारत का संकल्प सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिलाया। उन्होंने कहा कि सुशासन लाने के लिए जिले में हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत बहुत से ग्रामीणों को पक्के आवासों का निर्माण करके लाभान्वित किया गया है। इस योजना से आगामी एक वर्ष में प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस के तहत जिले में करीब 65 हजार ग्रामीणों के पक्के आवास बनाए जाएंगे। ग्रामीण आवासों के निर्माण के लिए हितग्राहियों को शेष किश्तें भी जारी की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए जनमन अभियान चलाया जाएगा। इस वृहद अभियान के तहत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, पण्डो के जीवन स्तर में सुधार के लिए 11 बिंदुओं पर 15 जनवरी से सर्वे कार्य कराया जाएगा। जिसमें विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए सड़क, बिजली, पानी, आंगनबाड़ी स्कूल आदि विषयों को प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा। श्री विश्वदीप ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मोची, बढ़ई, लोहार, धोबी आदि वर्गों के परंपरागत व्यवसायों के विकास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आधार कार्ड अपडेशन, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य शिविर, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुद्रा लोन आदि योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती अमिता साहू, श्रीमती इंदिरा भगत सहित जिला पंचायत के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रामों में मनाया गया सुशासन दिवस



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर पांचों के विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का आगमन हुआ जिसका ग्रामवासियों ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया। प्रचार प्रसार वैन में एलईडी के माध्यम से केंद्र सरकार के योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामवासियो को चलचित्र से जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। यात्रा के दौरान शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियो द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव साझा किए गए। योजनाओं से वंचित हितग्राहियों की मांग पर मौके पर ही आवेदन लिए गए तथा पंजीयन किया गया। ग्राम पंचायत दोंदरो, नवापारा, चैनपुर, दर्री, अमलडीहा, पंडरीपानी आदि ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संबंधित ग्रामों के सरपंच, पंच, स्थानीय जनपद सदस्य, सचिव, ग्रामीणजन, स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### किसानों को बोनस का दिया गया प्रमाण पत्र



**चैतमा।** राज्य शासन की दिशानिर्देशों के अनुरूप सुशासन दिवस 25 दिसंबर धान बोनस वितरण समारोहके रूप में कृषि सहकारी समिति चैतमा मे मनाया गया। ग्राम पंचायत चैतमा में सुशासन दिवस 25 दिसंबर को विभिन्न आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक से प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। कविता पाठ का कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। वहीं कृषि सहकारी समिति चैतमा मे 2014-2015 में कृषक संख्या 350 थी। जिनकी 41 लाख 53 हजार 680 रूपये और 2015-16 के 298 किसान 41 लाख 67 हजार, 540 रूपये बोनस क्षेत्र के किसानों को प्राप्त होंगे। बोनस प्राप्ति पर किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखा गया और प्राप्त बोनस क्रो कृषि कार्य में लगाने की बात किसानों द्वारा कही गई। साथ किसानों ने कहा कि नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ ही राज्य सरकार अपने पहले वादे को पूरा किया। किसानों ने राज्य सरकार के आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली एसडीएम रूचि सार्दुल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र सोनवानी, पाली जनपद उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, सरपंच विपती बाई पारसे, उपसरपंच सुकालू प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा यदु अमरनाथ केवर्त, लक्ष्मी नारायण जायसवाल, डीके आदिले अमर सिँह, लाल सिंह पैकरा, धनेसवारी सिंदराम, शिवनाथ, कल्याण दास, डीके आदिले, जयप्रकास प्रजापति, गिरीश पारसे, कल्याण दास सहित क्षेत्र एवं आसपास के किसान उपस्थित थे।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्रामों में निर्मित अटल चौकों पर श्री वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। सुशासन दिवस हेतु अटल चौकों एवं अटल स्तंभों को आकर्षक रंग-रोगन कर सजाया गया था। साथ ही अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की आकांक्षा अनुसार विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों को सुशासन का संकल्प दिलाया। साथ ही शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों के साफ-सफाई किया गया। इस अवसर पर संबंधित ग्रामों के सरपंच, पंच, स्थानीय जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, सचिव, ग्रामीण जन, स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### दीपका में मनाया गया सुशासन दिवस



दीपका नगर पालिका परिषद् दीपका क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी की नगर पालिका के प्रतिक्षा बस स्टैण्ड में जयंती कार्यक्रम आयोजन किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में रायपुर आये एल.सी.डी. वेन में केन्द्र सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी जा रही थी एवं योजनाओं संबंधित स्टाल भी लगाये थें जिसे अपार जन समर्थन मिला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अपने उदबोधन में विकसित भारत के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा विकसित भारत को सपना एवं मोदी की गारंटी के संबंध में अपने अमूल्य विचार से आम जनता को अवगत कराया गया तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी के देश के प्रति अमूल्य योगदान के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम ज्योतिनंद दुबे, मनोज शर्मा, दुश्यंत शर्मा, सूयप्रकाश शर्मा, पार्षद श्रीमती संगीता साहू, रोहित जायसवाल, सुशील गुप्ता, श्रीमती आशादेवी पण्डित, श्रीमती गंगोत्री राठौर, श्रीमती कुसुमलता कैवर्त्य, अनूप यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार अपने समस्त कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस पर धान बोनस वितरण



**बरपाली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर बरपाली के धान संग्रहण केंद्र में अटल सुशासन दिवस मनाया गया। जिसके अवसर पर शासन के निर्देशानुसार आज के दिन को धान बोनस राशि वितरण कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। जिसमें किसानों को पूर्व में घोषित दो वर्ष 2014 से 2016 तक का धान का बोनस सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत अटल जी व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर सवागत किया गया और अतिथियों के माध्यम से किसानों को अटल जी की जीवन और उनके किये गए देश हित के कार्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में किशन अग्रवाल भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांत के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेयी आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं और अटल जी सुशासन, अंत्योदय और वंचितों के कल्याण के सोच के धनी थे और प्रधानमंत्री रहते हुए अनेक लोककल्याणकारी काम उनके द्वारा किया गया। धान बोनस राशि वितरण समारोह में क्षेत्र के किसानों को बोनस राशि का वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसे पाकर किसानों में काफी खुशी दिखी। इस अवसर पर किशन अग्रवाल, भुवन कंवर, मणिशंकर कश्यप, लक्ष्मींन कंवर, चतुर कश्यप, जीडी मिश्रा, राजकुमार खत्री, प्रवीण उपाध्याय, वीरेन्द्र शुक्ला, रीना सिदार, वेदप्रकाश, गोविंद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वागत...



कटघोरा। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के कटघोरा नगर प्रवास के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें धान से तौलकर उनका स्वागत किया। इस दौरान नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### बिजनेस साइट

## साहेब प्रीमियम में 60 प्रतिशत तक का डिस्काउंट



**कोरबा।** बिइंग ह्यूमन जो की सुपर स्टार हीरो सलमान खान का ब्रांड है। जिसका कोरबा में सिर्फ साहेब प्रीमियम ही एक मात्र शॉप इन शॉप काउंटर है। बिइंग ह्यूमन ने पूरे भारत के सुपर 50 डीलर का सेमिनार आयोजन किया। इस सेमिनार में कोरबा के साहेब प्रिमियम के संचालक भूपेंद्र गांधी भी आमंत्रित किये गए। कार्यक्रम के दौरान भूपेंद्र गांधी ने सुपर स्टार हीरो सलमान खान से मुलाकात की। भूपेंद गांधी ने बताया की 27 दिसंबर को सलमान खान का जन्मदिन के अवसर पर 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक भाई का बर्थडे ऑफर के तहत बिइंग ह्यूमन प्रोडक्ट की खरीदी पर ग्राहकों को 50 प्रतिशत प्लस 10 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है। 19 हजार 990 रूपये की खरीदी पर ग्राहक को फ्लैट 60 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। भूपेंद्र गांधी ने ग्राहकों से इस ऑफर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### बालको केशलपुर...

जंगल में साल बोरर ने हमला कर दिया है और लगभग 1500 साल पेड़ों के जान पर खतरा मंडरा रहा है। वन विभाग के स्थानीय अफसर को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसकी पूरी हिस्ट्री तैयार का रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपी थी और साल बोरर का हमला और अन्य जंगलों में न फैले इसके लिए वन विभाग के मुख्यालय से मिले निर्देशों के आधार पर केशलपुर के जंगल में जिन साल पेड़ों पर साल बोरर का खतरा है उन पेड़ों को काटने का फरमान जारी किया गया है ताकि इसे फैलने से रोका जा सके। बताया जाता है कि लगभग 1200 से 1500 साल पेड़ों को काटने का आदेश जारी किया गया है जिसकी वन विभाग द्वारा कटाई शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि इस गर्मी के पहले ही इन सभी साल पेड़ों को पूरी तरह से काट दिया जाएगा ताकि अन्य क्षेत्रों में इस साल बोरर के फैलने के खतरे को रोका जा सके।



## खबर संक्षेप



### अयोध्या के लिए पदयात्रियों का जत्था आज होगा रवाना

**कोरबा।** अवध की पवित्र रामजन्म भूमि में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर आकार ले रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इससे पहले अयोध्या सहित देश भर में अनेक अनुष्ठान किये जा रहे हैं। अलग-अलग तरह से सनातन धर्म के लोग इस कार्य में अपनी भूमिका दर्ज कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में कोरबा नगर से पदयात्रियों का एक जत्था अयोध्या के लिए मंगलवार 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे मुड़ापार हनुमान मंदिर से प्रस्थान करेगा। इस समूह में नवीन जायसवाल, राजेंद्र राजपूत, सुंदर गुप्ता, सुरजीत खत्री, लक्ष्मी नारायण साहू, तिलेश्वर दुबे, रामखिलावन दास शामिल हैं। प्रस्थान होने से पहले मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी। कोरबा से अंबिकापुर, सोनभद्र होते हुए यह समूह 25 दिन में अयोध्या की दूरी तय करेगा। यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क कर लिया गया है। बताया गया कि राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन 5 अगस्त 2020 को संपन्न होने पर इन युवाओं ने अयोध्या की पदयात्रा करने का संकल्प लिया था। इनकी योजना प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की है।

### इंदिरा विहार महिला मंडल ने लगाया स्वास्थ शिविर



**कोरबा।** साडा कन्या शाला मे इंदिरा विहार महिला मंडल द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इंदिरा विहार महिला मंडल की सेवाभावी अध्यक्षा रश्मि श्रीवास ने मिडिल व हाई स्कूल की छात्राओं के स्वास्थगत समस्याओं के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सक डा मनीषा सिंग (पंचकर्म व स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डॉ.जया सिंग खरसन एमएस आयुर्वेद नाक कान गला रोग विशेषज्ञ के सहयोग से साडा कन्या शाला में निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया। छात्राओं ने महिला चिकित्सकों को अपनी समस्याएँ बेझिझक बतायी व परामर्श का लाभ उठाया।शिविर को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्षा पूजा पटेल जी पिंकी केडिया जी व स्कुल स्टाफ का सहयोग देने के आभार अध्यक्षा रश्मि श्रीवास ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कन्या शाला के प्राचार्य रणधीर सिंह जिनका सहयोग हमेशा सेवा कार्य में महिला मंडल को मिलता रहता है। प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर महिला मंडल अध्यक्षा रश्मि श्रीवास द्वारा सम्मानित किया गया।

### चैतुरगढ़ पाली का छात्राओं ने किया शैक्षिणक भ्रमण



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत चैतुरगढ़ पाली का भ्रमण किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं को पर्यटन की संभावनाओं एवं संसाधनों के ऊपर पर चर्चा का आयोजन किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में विभाग अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार पांडे एवं सहायक अध्यापक मेघा राठौर ने अपने विचार व्यक्त किया।

### अखबार वितरकों को ठंड से बचाने किया गया कंबल का वितरण



**कोरबा।** कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए मानव सेवा के तहत प्रदान किए गए एक दर्जन कंबल का वितरण रविवार को वरिष्ठ पत्रकार तपन चक्रवर्ती व समाजसेवी पदम सिंह चंदेल ने शहर के अखबार वितरकों को किया गया। ठंड बढ़ने के कारण सुबह के समय बाहर निकलने वालों के सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। अखबार वितरक भी सुबह जल्दी उठकर घर घर अखबार बांटने पहुंचते हैं। ऐसे में उनके सेहत को ठंड के प्रभाव से बचाने के लिए तपन चक्रवर्ती के प्रयास से शहर के एक शोरूम के संचालक अशोक रिश्री ने सप्तनिक अखबार वितरकों को बांटने के लिए कंबल प्रदान किया। रविवार की सुबह वरिष्ठ पत्रकार तपन चक्रवती, समाजसेवी पदम सिंह चंदेल व कोरबा प्रेस क्लब के सचिव दिनेश राज ने छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा व जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू की मौजूदगी में अखबार वितरक रामा, राजेश पाल, राय सिंहद कंवर, कृष्ण कुमार निर्मलकर, जय सिंह नेताम, गोलू देवांगन, मुरितराम कश्यप, दिलीप यादव, राजेश पाल, सुनील साहू, लक्ष्मी राठौर, बजरंग यादव व हेमंत जांगड़े को कंबल का वितरण किया। वरिष्ठ पत्रकार तपन चक्रवर्ती ने इस दौरान बताया कि उन्होंने शहर के अन्य अखबार वितरक व जरूरतमंदों के लिए मंगलम ऑटो के संचालक अंकुश अग्रवाल व रवि स्वीट्स के संचालक राजा गुप्ता से चर्चा की है।

## कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने किसानों को बांटा बोनस प्रमाण पत्र

# बकाया बोनस मिलने से किसानों के चेहरे खिले



कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन व विधायक प्रेमचंद पटेल का सम्मान करते हुए व कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा-कटघोरा

विधायक व कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिलास्तरीय धान बोनस कार्यक्रम में कटघोरा कृषि धान उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में जिले के लगभग 13 हजार से अधिक किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के बकाया धान बोनस की राशि को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में डाला गया। बता दे कोरबा जिले के धान खरीदी वर्ष 2014-15 में कोरबा जिले के 13 हज़ार से अधिक किसानों को 52 करोड़ 13 लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में डाले गए।

कटघोरा के कृषि धान उपज मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में किसानों, ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कटघोरा की पावन भूमि में 2 साल के धान बोनस वितरण समारोह में आए आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। आज का ये दिन बड़ा ऐतिहासिक दिन है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस सुशासन दिवस की आप सभी को बधाई। छत्तीसगढ़ के किसानों से वादा किया था कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 2 साल का बकाया बोनस हम किसानों को देंगे। मुझे बहुत खुशी हो रही है यह बताने में कि आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 37 सौ 16 करोड़ रुपए हमने ट्रांसफर कर दिया है। जिस भी बैंक में किसानों का खाता है, उन सभी को पैसा पहुंच गया है। कार्यक्रम में कोरबा जिला भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ सिंह, कटघोरा विधायक प्रेमचंद्र पटेल, कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋचा सिंह, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, भाजपा जिला महामंत्री सन्तोष देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार गर्ग,पवन गर्ग,जोगेश लाम्बा,देवेंद्र पांडेय,ज्योति नंद दुबे,मनोज शर्मा,हीरानंद पंजवानी,नरेंद्र देवांगन,जिला मंत्री संजय शर्मा, कटघोरा मण्डल अध्यक्ष धन्नू दुबे, महामंत्री राजेन्द्र टण्डन,अभिषेक गर्ग,कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष बजरंग पटेल,पार्षद आत्मानारायन पटेल, शरद अग्रवाल, पवन अग्रवाल पूर्व उपाध्यक्ष ,जय गर्ग, समजीत सिंह, अक्षय गर्ग आदि उपस्थित थे।

### व्यवस्था को लेकर उठाए सवाल

कटघोरा में आयोजित धान बोनस वितरण कार्यक्रम में सभा को संबोधित कर रहे कटघोरा विधायक प्रेमचंद्र पटेल ने आयोजित कार्यक्रम में व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया और कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानों के खाने की कोई व्यवस्था नही की गई। खाद्य विभाग को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह नही चलेगा अगली बार खाद्य विभाग इस तरह की व्यवस्था पर ध्यान दे।

### मोदी की गारंटी को निभाएंगे

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मैं सभी किसानों को बधाई देता हूं। किसान आज काफी खुश हैं। राज्य के किसानों का विश्वास छत्तीसगढ़ की सरकार और मोदी जी पर बढ़ा है। छत्तीसगढ़ सरकार बनते ही गरीबों को 18 लाख आवास देने का निर्णय लिया। कई लोगों ने घर के लिए कर्ज लिया, कई अपना घर बना ही नहीं पाए उनके लिए आवास स्वीकृत किया गया। मोदी जी की गारंटी हम पूरी तरह से निभाएंगे।

## खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, एसपी ने किया सम्मानित



प्रतिभागियों को सम्मानित करते एसपी श्री शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

67वीं राष्ट्रिय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा 16 दिसंबर से 20 दिसंबर आयोजित कि गई। जिसमें 28 राज्यों से 1500 खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 5 संभाग के 42 खिलाड़ी शामिल हुए। उक्त प्रतियोगिता राज्य को बिलासपुर संभाग के समीर कंवर ने एक मात्र कांस्य पदक दिया। 41 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, परन्तु पदक प्राप्त करने में असमर्थ रहे। ज़िले के समीर कुमार कंवर ने बालक वर्ग के अंडर 17-50 किग्रा वर्ग में कास्य पदक जीतकर ज़िले को एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया। समीर कंवर शासकीश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी का 10वीं का छात्र है। इनके पिता गुरुवार सिंह कंवर कृषक है। समीर पिछले 2 वर्षों से कोथारी गाँव में कराते की ट्रेनिंग ले रहे थे एवं कराते टेक्निकल ट्रेनिंग के लिये लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आट्र्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल में कोच प्रेमराज बंजारे एवं करण कुमार बरेठ से पिछले 7 महीने से ट्रेनिंग ले रहे है।समीर कंवर को एशियन कराते फेडरेशन के अध्यक्ष शिहान भरत शर्मा एवं छत्तीसगढ़ कराते फेडरेशन के महासचिव खेत्रो महानंद कांस्य पदक से सम्मानित किया।

## राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव में जिले से 29 छात्रों ने की भागीदारी



कार्यक्रम में शामिल स्काउट गाइड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय का आयोजन

राज्य स्तरीय चुतर्थ चरण-हीरख पंख जांच शिविर तथा कब-बुलबुल उत्सव का आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, झांकी, जिला रायपुर में हुआ। जिले से 29 कब बुलबुल ने भागीदारी की। विकसित भारत के संकल्प और हम कर्मवीर होंगे, हम धर्मवीर होंगे की भावना को लेकर यह कैम्प 20 से 23 दिसम्बर तक चला। राज्य स्तरीय चुतर्थ चरण- हीरख पंख जांच शिविर तथा कब- बुलबुल उत्सव में कोरबा सहित रायपुर, कोरिया, मनेद्रगढ चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, बिलासपुर, बालोद, धमतरी, दुर्ग, कोंडागांव, राजनांदगांव, मुंगेली और सक्ति जिले से कुल 224 कब बुलबुल सम्मिलित हुए। जिले के प्राथमिक शाला कचांदी से 7 कब, 10 बुलबुल, प्राथमिक शाला गढ़कटरा से 4 कब, 3 बुलबुल तथा प्राथमिक शाला भटगांव से 3 कब एवं 3 बुलबुल ने श्विर में भागीदारी की। शिविर के दौरान कब ग्रीटिंग, बड़ी सलामी, बुलबुल ट्री, चित्रकला, मॉडल मेकिंग, लाल फूल, कलरव, फैंसी ड्रेस, स्टोरी टेलिंग के अंतर्गत तारा स्टोरी, मोगली की स्टोरी, भालू नृत्य आदि गतिविधियां हुईं। इसी तरह प्रतिभागी छात्रों ने फनगेम के तहत बैलेंसिंग, बैकेट बॉल, बैलून फोड़, सुई धागा दौड़, चम्मच दौड़, मेढ़क दौड़ एवम विभिन्न एक्टिंग सॉन्ग, जुम्बा, एरोबिक में भाग लेते हुए एन्जॉय किया। कचांदी के कब समीर ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालक मंडल के रूप में कब सेक्शन में शैलेन्द्र कुमार मिश्रा (एएलटी), दानबहादुर सिंह (एएलटी) दीपक कुमार ध्रुववंशी तथा बुलबुल सेक्शन में सरस्वती गिरिया (एलटी फ्लॉक), गौरी मौले महासमुंद, आरुणि दिल्लीवार, नमिता श्याम कुंवर कड़वे, किरण सिंह ठाकुर सम्मिलित थे। राज्य मुख्यालय से राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) डा. करूणा मसीह, रेणुका वर्मा ने सहभागिता दी।

## विभाग ने गांव का सर्वे कर तैयार की थी रिपोर्ट

# पीएचई की मल्टी विलेज योजना से कुदुरमाल व बेला ग्राम हुए बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में एनीकट निर्माण और शुद्ध पेयजल योजना के क्रियान्वयन हेतु मल्टी विलेज योजना शुरू की है। इस योजना अंतर्गत ऐसे ग्राम पंचायतों को शामिल करना है जहां एनीकट की सुविधा नहीं है और पानी की प्रचूर मात्रा भी है। ऐसे ग्रामों के लिए जिले में पीएचई विभाग ने भी तैयारी की है, जिनमें ग्राम पंचायत बेला और कुदुरमाल को शामिल किया था। जिन्हें अब बाहर कर अन्य ग्रामों को उनकी जगह शामिल किया जा रहा है।

मल्टी विलेज योजना में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों को शामिल किया जाएगा। जहां एनीकट के माध्यम से पानी सप्लाई प्रारंभ की जाएगी। जिस तरह की योजना चोटिया और पाली विकासखंड में पीएचई विभाग द्वारा प्रारंभ की गई है वैसी ही योजनाएं मल्टी विलेज में शामिल की जाएगी। ग्राम पंचायत बेला और कुदुरमाल जहां एनीकट बने हुए हैं पहाड़ी नालों का पानी भी है ऐसे ग्रामों को अब जल जीवन मिशन की योजना शामिल किया गया है। इन दोनों ग्रामों में टंकी का निर्माण कर पानी सप्लाई घर घर की जाएगी। इन दोनों ग्रामों में एनीकट का निर्माण हुआ है, बेला नाले में आगे ग्राम पंचायत दोंदरों के पास एनीकट बनाया गया है। इसी तरह रूगबहरी नाले में भी जलसंसाधन विभाग ने एनीकट का निर्माण किया है। तिलईडांड और ग्राम बेला के बीच नाले में एनीकट बनाने की तैयारी चल रही है। पहाड़ी नालों के पानी के उपयोग के लिए एनीकट निर्माण योजना से इन ग्रामों की खेती को पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा। लिहाजा अब जल जीवन मिशन से पानी सप्ताई होगी। इसी तरह ग्राम कुदुरमाल में हसदेव नदी में एक बड़े एनीकट का निर्माण पूर्व में ही किया गया था। जिसके पानी का उपयोग निस्तारी के साथ खेती के लिए किया जाएगा और पानी सप्ताई के लिए घर-घर पाईप लाइन बिछाने की भी तैयारी की जा रही है। कुदुरमाल प्रोजेक्ट पीएचई विभाग का एक बड़ा प्रोजेक्ट था, जो अब मल्टी विलेज के दायरे से बाहर हो गया है।



### पारा टोला में बिछ रही पाइप लाइन

पीएचई विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत बड़े ग्राम पंचायतों के साथ-साथ छोटे-छोटे पारे टोले को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि पंचायतों से दूरस्थ क्षेत्रों में होने के कारण यहां पानी सीधे पंचायत से नहीं पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में इन छोटे-छोटे पारे टोले में पानी का संकट निर्मित न हो इसलिए इन क्षेत्रों में पानी टंकी का निर्माण भी किया जा रहा है। बोर के माध्यम से इन टंकियों में पानी भरकर घर-घर सप्लाई की जाएगी। पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत छोटे छोटे पारे टोले में पाईप लाईन बिछाने का कार्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत किया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में पानी की सप्लाई भी शुरू हो गई है। पीएचई के कार्यपालन अभियंता के द्वारा पाईप लाईन बिछाने के कार्यों का सतत निरीक्षण भी किया जाता रहा है ताकि नियत समय पर काम पूरा किया जा सके।

## जगन्नाथ दास महाराज पर केंद्रित पुस्तक का किया गया विमोचन



विमोचन समारोह में उपस्थित कार्यक्रम के अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**खास बात**

- पवनहारी मित्तल द्वारा लिखी गई है पुस्तक

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की उत्तराखंड में अध्यनरत छात्र पवनहरी मित्तल के द्वारा जगन्नाथ दास महाराज जीवन और उनकी ओर से किए गए अनेक कार्यों को पुस्तक में शामिल किया गया है। कोरबा के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सीतामढ़ी में आयोजित विष्णु महायज्ञ के अंतर्गत एक कार्यक्रम में धर्माचार्य और वेद्ज्ञों के द्वारा इस पुस्तक का विमोचन किया गया। सभी ने पवनहारी मित्तल के प्रयास की सरहाना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन राजेश मोदी के द्वारा किया गया।

कई दशक पहले जगन्नाथ दास महाराज अवध प्रांत के अयोध्या से छत्तीसगढ़ आए थे जिन्होंने दमऊधारा ऋषभतीर्थ कोरबा में प्राचीन राम जानकी मंदिर को अपना केंद्र बनाते हुए यहां धर्म कर्म के साथ-साथ समाज जीवन से संबंधित कार्यों को आगे बढ़ाया। धर्मशाला गौशाला और शिक्षन को लेकर भी महत्वपूर्ण काम किया गया। यह सभी गतिविधियां लगातार जारी है। जगन्नाथ दास महाराज के द्वारा अपने जीवन काल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और उनसे लोगों को मिली प्रेरणा और विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कार्यों से प्रेरणा प्राप्त कर आईआईटी के छात्र पवनहारी ने इसे पुस्तक में शामिल किया। विष्णु महायज्ञ में पुस्तक का विमोचन हो गया है धर्माचार्य से मिली शुभकामनाओं ने छात्र को जीवन में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। विमोचन कार्यक्रम में अजय अग्रवाल हैदराबाद, अजय कुमार मुंबई, अरूण दास जी उज्जैन, गोविंद पुजारी, बद्री मोदी, कैलाश मोदी, संतोष मोदी, गोविंद मोदी,तारा दीदी, करतार सिंह,दिलीप अग्रवाल, शिव वैष्णव अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन,अमित अग्रवाल शोभा अग्रवाल, अंजना मित्तल, कृष्ण गोपाल मित्तल, आनंद मोदी,धनेश मोदी, विशेष मित्तल,ज्ञानेश मोदी, बजरंग मोदी,लेखक पवनहारी मित्तल एवं यज्ञाचार्यो जी की उपस्थिती में विमोचन किया गया।

## रंजिश को लेकर अधेड़ की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोजिया में एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बीते रविवार की रात ग्राम बोजिया की रहने वाली सुकवारो बाई उम्र 50 साल अपने दो बेटों के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 दिसंबर की दोपहर उसका पति जुगनू सारथी और पूर्व पति दिलसाय सारथी दोनों टांगी लेकर जंगल लकड़ी लेने गये थे। काफी देर बाद जुगनू सारथी घर नहीं लौटा, ऐसे दिलसाय से पूछने पर उसने जुगनू को अकेले मोटर साइकिल में कहीं जाना बताया। 23 और 24 दिसंबर के शाम तक जुगनू को उसके घर वाले ढूंढने निलने। इस दौरान भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। ऐसे में फिर एक बार दिलसाय से उन्होंने जूगनू के बारे में पूछताछ की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में
फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट
में 10 % का मार्जिन।



राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12, 500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7, 500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411